# नरवाई जलाना वातावरण, मृदा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**मण्डला,देशबन्धु।** नरवाई पराली जलाना एक बड़ी समस्या है, इससे वातावरण में प्रदूषण फैलता है एवं मृदा के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाने पर रोकधाम किया जाना अति आवश्यक है। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है और मृदा का कार्बनिक प्रदार्थ कम होने के साथ-साथ मृदा के लाभकारी सूक्ष्म जीव भी नष्ट होते हैं। सुपरसीडर का करें उपयोग फसल अवशेष प्रबंधन अंतर्गत जिले में सुपरसीडर से पहली बार बोनी हो रही है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सुपरसीडर से बोनी करने हेतु किसानों को जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने स्वयं सुपरसीडर के प्रदर्शन का अवलोकन किया और किसानों को नरवाई न जलाकर सुपरसीडर के उपयोग हेतु कृषकों को प्रेरित किया।

सुपर सीडर के उपयोग से धान कटाई उपरांत नई फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए अलग से कल्टीवेटर, रोटावेटर और सीड ड्रिल की आवश्यकता नहीं पड़ती है। एक ही यंत्र से तीनों काम एक साथ एक ही समय में हो जाता है। समय की बचत के साथ साथ लागत भी बहुत कम हो जाती है। सुपरसीडर खरीदी में 1.05 लाख की सब्सिडी भी है। हार्वेस्टर से धान कटाई उपरांत सुपर सीडर से सीधे रबी फसलों की बोनी करने पर किसानों को 10 से 15 दिन की बचत होती है और लागत में भी कमी होती है।



## कलेक्टर ने किया सुपरसीडर के प्रदर्शन का अवलोकन

**सुपरसीडर की बोनी करने पर कृषि विभाग देगा 1600 का अनुदान-** उपसंचालक कृषि मधु अली ने बताया कि ग्राम औघटखपरी में नरवाई जलाने की समस्या को दूर करने के लिए कृषि विभाग और अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुपरसीडर से बोनी करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। सुपरसीडर का प्रदर्शन कर किसानों को जागरूक किया गया। नरवाई में आग न जलाई जाए इसलिए सुपरसीडर की बोनी करने वाले कृषकों को कृषि विभाग 1600 प्रति एकड़ का अनुदान देगी।

**नरवाई जलाने वालों पर अर्थदण्ड का प्रावधान-** नरवाई जलाने वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के जारी आदेश के अनुसार 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। जिले में रबी फसल के अन्तर्गत बोई जाने वाली फसलों की कटाई के पश्चात किसानों के द्वारा नरवाई (फसलों के अवशेषों) जला दी जाती है जिसके कारण भूमि में उपलब्ध जैव विविधिता समाप्त हो जाती है। भूमि की ऊपरी परत में पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो आग लगने के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। साथ ही नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। भारत सरकार द्वारा खेतों में फसल अवशेष नरवाई जलाने की घटनाओं की मॉनिटरिंग सेटेलाईट के माध्यम से की जा रही है। प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाएं मुख्यत: गेहूँ की फसल कटाई के बाद होती है जो लगातार बढ़ती जा रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के क्रम में फसलों की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने से प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण विभाग के नोटिफिकेशन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं जिसके अन्तर्गत नरवाई जलाने की घटनाओं पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है जिसमें 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

# प्रभारी कलेक्टर ने किया सहजर में खेत-तालाब के कार्यों का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने घुघरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों के मैदानी अमले द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत घुघरी गायत्री कुमार सारथी, सहायक यंत्री रामेश्वरी धुर्वे, उपयंत्री अहिरवार सहित संबंधित उपस्थित थे।

ग्राम सहजर में मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने रामकली एवं रामनाथ के खेत तालाब के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देषित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही मत्स्य पालन के लिए प्रषिक्षण भी दें। प्रभारी कलेक्टर ने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि खेत-तालाब की मेढ़ पर अरहर सहित अन्य फसलों की पैदावार लें।

## सार-समाचार



### हाथियों के उत्पात के बाद अब बाघ की दहशत, वन विभाग के कैमरे में दिखा

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी में लगभग एक सप्ताह तक छत्तीसगढ़ के जंगल से आए चार हाथियों के जाने के बाद अब टाइगर के मूवमेंट से ग्रामीण दहशत में है। दो दिन पहले ही टाइगर ने दक्षिण समनापुर वन परिक्षेत्र के गांव में एक मवेशी का शिकार किया था। अब टाइगर की लोकेशन पश्चिम करंजिय वन में मिल रही है। वन विभाग की अपील है कि ग्रामीण जंगल की तरफ न जाएं।

### किराये का शिक्षक रखने वाली शिक्षिका पर होगी एफआईआर

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के बटियागढ़ ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक स्कूल सेमर कछार में शिक्षक द्वारा किराए पर शिक्षक रखने का मामला सामने आया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एसके नेमा ने बीईओ बटियागढ़ को आरोपी शिक्षक मिथलेश श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। शासकीय प्राथमिक स्कूल सेमर कछार, जो कि जंगल के अंदर तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, में 2019 से पदस्थ प्राथमिक शिक्षक मिथलेश श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने स्कूल का संचालन किराए के शिक्षक मंगल सिंह के माध्यम से करवाया। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में नियमित शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों को पीपल के पेड़ के नीचे पढ़ने पर मजबूर किया जा रहा था। शिक्षक मिथलेश श्रीवास्तव खुद ही स्कूल की हेडमास्टर के प्रभार में थीं और अपनी वेतन पर्ची स्वयं तैयार कर बीईओ कार्यालय से वेतन लेती थीं। स्कूल में अतिथि शिक्षक गणेश असाटी भी पदस्थ थे, लेकिन वे भी स्कूल में उपस्थित नहीं होते थे। पांच वर्षों से यह स्थिति चल रही थी, लेकिन किसी भी अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण नहीं किया।

स्थानीय अभिभावकों शंकर यादव और सदा रानी ने बताया कि स्कूल भवन जर्जर हो चुका है और 16 बच्चों को पीपल के पेड़ के नीचे पढ़ाई करवाई जा रही थी। यह चौंकाने वाली स्थिति प्रशासनिक उपेक्षा को उजागर करती है। कमिश्नर, सागर संभाग के निर्देश पर डीईओ एसके नेमा ने बीईओ बटियागढ़ को मिथलेश श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है।

### जेल घाट में किया गया श्रमदान




**मंडला, देशबन्धु।** पुण्य सलिल माँ नर्मदा के जल तथा तटों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नमामि नर्मदे सेवा अभियान के अंतर्गत नर्मदा जी के घाटों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर शनिवार को जेल घाट में वृहद स्तर पर श्रमदान किया गया। जेल घाट को स्वच्छ रखने के लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने सम्मिलित रूप से श्रमदान किया। जेल घाट में काई तथा एकत्र मिट्टी को श्रमदान के माध्यम से हटाया गया। साथ ही जेल घाट में उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हें नगर तथा नर्मदा के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण, समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों तथा आम नागरिकों ने सहभागिता की। जिला प्रशासन के आव्हान पर श्रमदान के माध्यम से नर्मदा जी के जल और तट को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जा रहा है।

# दूसरी पत्नी को पुत्री बताकर करायी रजिस्ट्री

**मंडला, देशबन्धु।** भूमि के क्रय विक्रय मामले में रजिस्ट्रार ऑफिस के अधिकारी सजग रहते हैं कि कोई फर्जीवाड़ा ना हो। वैंसे तो माना जाता है कि यहॉ गलतियॉ नहीं होती, किन्तु एक मामला जिले के निवास रजिस्ट्रार ऑफिस का प्रकाश में आया है।

यहॉ कालपी भैंसवाही की 90 वर्षीय बुध्दो बाई गौंड़ एवं इनकी दो पुत्री रनिया बाई व सुमंत्री बाई गौंड़ के द्वारा कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया गया कि दिनांक 14.09.2024 को मिहीलाल गौंड़ की मृत्यु हो गई है जिससे अब मृतक की भूमि खसरा नं.182 रकबा 0.2100, खसरा नं.155 रकबा 1.1800, खसरा नं.357 रकबा 0.0900, खसरा नं.447 रकबा 0.5000 हेक्टेयर के हकदार पत्नि बुध्दो बाई एवं इनकी दो पुत्री हैं। बताया गया कि, सहकारी बैंक में मृतक का 63 हजार रूपये कर्ज था जिसे अदा करने की बात नगरार पौंडी बीजाडांडी निवासी रिटायर्ड टीचर मयूर सिंह गोठरिया द्वारा कही गई थी। इसके एवज में मृतक के दामाद मंगल सिंह, मयूर सिंह गोठरिया के घर काम करता था। इसी दौरान दिनांक 24.10.2024 को रिटायर्ड टीचर ने फौती कटवाने एवं कर्ज अदा करने के नाम पर उपरोक्त लोगों को निवास बुलाया और उक्त खसरे की भूमि को 03 लाख 25 हजार रूपये में अपने पुत्र कुलदीप गोठरिया आयु 34 वर्ष एवं अपनी दूसरी पत्नि सविता गोठरिया आयु 29 वर्ष के नाम विक्रयनामा की रजिस्ट्री करा ली गई है।

### कर्ज अदा करने व फौती कटवाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप, महिलाओं से अंगूठा लगवाकर भूमि की रजिस्ट्री की

रजिस्ट्री पत्र के अनुसार पत्नि सविता (29 वर्षीय) को पुत्री बताकर रजिस्ट्री करायी गई है। तीनों विक्रेता एवं एक गवाह मंगल सिंह निरक्षर एवं अनपढ़ हैं। अब ये अपने आप को ढगा हुआ महसूस करते हुए अनेक जिम्मेदारों से शिकायत कर रहे हैं। मामले का खुलासा तहसील न्यायालय निवास में उक्त भूमि के प्रमाणीकरण के दौरान हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार क्रेता एवं विक्रेता दोनों पक्ष आदिवासी समाज के हैं और क्रेता पक्ष ने इसाई धर्म अपना लिया है। शिकायत पत्र में उक्त रजिस्ट्री को निरस्त करने एवं दोषियों के विरूध्द कार्यवाही करने की मॉग की गई है। अब देखने वाली बात होगी कि इन निरक्षर महिलाओं को कौन और कैंसे न्याय दिलाता है, फिलहाल तो रजिस्ट्री हो चुकी है, आरोप कितना सहीं व गलत है ये तो जॉच के बाद ही पता चलेगा, अब पीड़ित लोगों को ग्राम के मुकद्दम सुरेश मरावी साथ दे रहे हैं।

# एसडीएम बिछिया ने सिझौरा में आयोजित आरोग्यम शिविर का लिया जायजा

**मंडला, देशबन्धु।** एसडीएम बिछिया सोनाली देव ने शनिवार को ग्राम पंचायत सिझौरा में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम बिछिया ने आरोग्यम शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए और शिविर में लगाए गए काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में वितरित की जा रही दवाइयाँ, शिविर में आने वाले नागरिकों का पंजीयन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण, लेब जांच, स्वास्थ्य परामर्श सहित आयुष्मान कार्ड बनाने के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दिनेश वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।



### एक किमी दूर नाले में जाकर नहाते हैं हॉस्टल के छात्र, आश्रम में पानी नहीं

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले के बजाग जनपद पंचायत क्षेत्र के बौना गांव में बैगा जनजाति के बच्चों के लिए आश्रम छात्रावास बनाया गया है। यहां रहकर पढ़ाई करने की व्यवस्था है, लेकिन व्यवस्थाओं के बाद भी करीब सभी बच्चों को नहाने और नित्य क्रिया के लिए एक किमी दूर नाले में ज , अधीक्षक बोले- वोल्टेज कम होने से बोरिंग नहीं चली होगी।



### ग्राम सिझौरा में एसडीएम बिछिया ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**मंडला, देशबन्धु।** बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने शनिवार को बिछिया क्षेत्र के ग्राम सिझौरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत निर्माणाधीन स्टॉपडेम, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास के अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग कर जल्द पूरा करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दिनेश वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

# क्रांतिवीर स्मृति दिवस आज, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के शहीदों की याद में मशाल जुलूस और श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**मंडला, देशबन्धु।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए मंडला जिले के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वाधीनता अमृत महोत्सव समिति के तत्त्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रविवार सायं रानी अवंति बाई स्मारक से बड़ चैराहे तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। बड़ चैराहे में दीप प्रज्जवलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मंडला जिलेवासियों ने अद्भुत




वीरता और कौशल का परिचय देते हुये अंग्रेजी सेना को मंडला से भागने पर मजबूर कर दिया था। नगर के हृदयस्थल में स्थित बड़ चैराहे में लगा बरगद का वृक्ष 1857 के संग्राम का जीवंत प्रमाण है। संग्राम में शामिल बहुत से क्रांतिकारियों को अंग्रेजी सरकार ने इसी बरगद के वृक्ष में फांसी दी थी। उन्होंने बताया कि इतिहासकारों का मानना है कि 24 नवंबर 1857 को बरगद के इस पेड़ पर एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी।

दु:ख की बात है कि उन क्रांतिकारियों के नाम तक इतिहास में दर्ज नहीं है। साथ ही समय के साथ क्रांतिकारियों के उस अद्भुत पराक्रम, त्याग और बलिदान को लगभग भुला दिया गया। उन्होंने कहा कि 1857 के स्वाधीनता संग्राम में जिलेवासियों के अद्भुत पराक्रम की कहानी का पुन: स्मरण करने और उन अनेकों अनजान क्रांतिकारियों के त्याग-बलिदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से 24 नवंबर रविवार को एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम तय किया गया है। जिसके अंतर्गत 24 नवंबर सायं 5:30 बजे रानी अवंति बाई स्मारक (लालीपुर) से मशाल जुलूस निकाला जाएगा और बड़ चैराहे में दीप प्रज्जवलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# हाईवे पर पलटा बेकाबू ट्रक

## चालक-परिचालक घायल

**दमोह, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेट हाईवे पर अभाना गांव के समीप शनिवार दोपहर एक ट्रक पलटने से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। ट्रांसफर का घरेलू सामान लेकर रायपुर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक और परिचालक घायल हो गए। मौके पर पहुंची नोहटा पुलिस ने ट्रक को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया और घायलों को जिला अस्पताल भेजा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर गड्ढे होने के कारण यह हादसा हुआ। ट्रक तेज गति में था, और अचानक गड्ढा दिखने पर चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना नोहटा थाना क्षेत्र के अभाना और दमोह के बीच विसनाखेड़ी तिराहे के पास की है।



ट्रक चालक विकास जाटव उदयपुरा से घरेलू सामान लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहा था। अभाना गांव के पास ट्रक सड़क पर पलट गया, जिससे सामान सड़क पर बिखर गया और चालक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से ट्रक को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू हुआ।

हादसे में घायल चालक और परिचालक को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। नोहटा पुलिस के अनुसार, ट्रक तेज रफ्तार में था और सड़क पर गड्ढा बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया कि हाईवे पर गड्ढों की स्थिति गंभीर है, जो अक्सर हादसों का कारण बनती है। इस घटना ने सड़क की मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता को उजागर किया है।

इस घटना ने सड़क पर गड्ढों की वजह से हो रहे हादसों पर ध्यान दिलाया है। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद है कि वे जल्द ही इन सड़कों की मरम्मत कराएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी में जुटा प्राधिकरण

**डिंडोरी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में दिनांक 14 दिसंबर 2024 को वर्ष की चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

लोक अदालत में समस्त समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सद्भाव के साथ किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बैंक अधिकारियों व बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ आज शुक्रवार को प्री-सीटिंग बैठक आयोजित की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शिव कुमार कौशल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्री-लिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत करने एवं पक्षकारों को लोक अदालत में प्रकरण निराकृत कराने से होने वाले लाभ, लोक अदालत दिवस पर मिलने वाली छूट के विषय में भी जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि बैंक के ऋण प्राप्तकर्ता पक्षकार को समय पूर्व सूचना पत्र प्रेषित किया जाये ताकि वह अपना ऋण चुका सके व बैंक के लोन संबंधी अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण हो सके। बैंक अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पंपलेट्स का वितरण भी किया गया, साथ ही बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी बैंकों में पक्षकारों के लिये राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में हेल्प डेस्क का आयोजन करें।

### बैंक अधिकारियों व बीएसएनएल के साथ प्री-सिटिंग का आयोजन

ताकि बैंक में आने वाले पक्षकारों को पम्पलेट्स का वितरण कर लोक अदालत की जानकारी प्रदान की जा सके तथा प्रचार वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु कहा गया।